निक
जोशी
शेषज्ञ
मैडलिस्ट)
ाईकिएट्री)
ग विशेषज्ञ
इलाहाबाद
ी.पी.एच.)
, हल्द्वानी

## सिविल जज समेत आठ ने किया रक्तदान

नैनीताल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बृहस्पतिवार को बीडी पांडे जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान सिविल जज समेत आठ लोगों ने रक्तदान किया। पीएमएस डॉ. राजेश साह ने कहा कि रक्तदान किसी का जीवन बचा सकता है। इससे रक्तदाता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। कैंप सहयोगी रजनीश मिश्रा, रेडक्रॉस सोसायटी के आरएन प्रजापति ने बताया कि कैंप में अधिवक्ता पोरस कुमार, सिविल जज निहारिका गुप्ता, अजय सिंह, पुष्कर सिंह, परवास कुमार, मनोज पांडे समेत आठ लोगों ने रक्तदान किया। ब्यूरो

## देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने बिष्ट को

## 68 ल

**अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से बेस अस्पताल में आयोजित किया गया रक्तदान शिविर**

अमर उजाला ब्यूरो

हल्द्वानी। विश्व रक्तदाता दिवस

जोड़ा जाएगा। इसके अलावा स्वयं सहायता ... में शामिल किया जाएगा।
लॉन में व्यायाम, योग ... करते दिख रहे हैं। मोदी ने कर्नाटक के ...

अमर उजाला
amarujala.com
देहरादून | शुक्रवार, 15 जून 2018


# महादान कर बचाएं लोगों की जान

## विश्व रक्तदान दिवस पर शिविर का आयोजन, लोगों को रक्तदान के प्रति किया जागरूक

अमर उजाला ब्यूरो

गोपेश्वर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व स्वास्थ्य विभाग की ओर से विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि प्रकाश शुक्ला ने रक्तदान कर किया। प्राधिकरण के 12 सदस्यों ने भी रक्तदान किया, जबकि 32 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया।

जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर से पूर्व आयोजित गोष्ठी में प्राधिकरण के सचिव रवि प्रकाश शुक्ला ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए रक्तदान की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। सीएमओ डा. तृप्ति बहुगुणा ने कहा कि रक्तदान से कोई शारीरिक कमजोरी नहीं आती। इस मौके पर प्रभारी सीएमएस डा. नरेश जौहरी, जिला बार संघ अध्यक्ष शंकर मनराल, अनिल थपलियाल, उदय सिंह, बबीता थपलियाल, देवेंद्र सिंह, अनीता नेगी, दीपा नेगी, प्रदीप सिंह और जितेंद्र आदि मौजूद थे।

गोपेश्वर में रक्तदान करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवि प्रकाश।

नई टिहरी अस्पताल में रक्तदान करतीं जिला जज कुमकुम रानी।

उत्तरकाशी में रक्तदान करते विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव हेमंत पांडे।

### 13 लोगों ने किया रक्तदान

*उत्तरकाशी। रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान 13 लोगों ने रक्तदान किया। बृहस्पतिवार को विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिविल जज सीनियर डिवीजन हेमंत सिंह के साथ ही सिविल जज जूनियर डिवीजन अभिषेक श्रीवास्तव, निरंकारी मिशन के ओमप्रकाश जोशी, विवेकानंद नौटियाल, डा. सुजाता सिंह, बृजमोहन चौहान आदि 13 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर सीएमओ डा. विनोद नौटियाल, सीएमएस डा. भागेंद्र रावत, डा. एमएस रावत आदि मौजूद थे। ब्यूरो*

### रक्तदान करने के लिए किया प्रेरित

रुद्रप्रयाग। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। न्यायालय परिसर में आयोजित शिविर जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरीश कुमार गोयाल ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। इस मौके पर सिविल जज व प्राधिकरण के सचिव संजय सिंह, सीजेएम कुलदीप शर्मा, सीएमओ डा. एसके झा, सीएमएस डा. दिनेश आदि मौजूद थे।